भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3368
07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

बिहार में आयुष दवाएं

3368. श्री गोपाल जी ठाकुर

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार बिहार में आयुष चिकित्सा, अनुसंधान, शिक्षा और औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने तथा आयुष आधारित स्वास्थ्य और कल्याण सेवाओं का विस्तार करने के लिए कोई विशेष उपाय कर रही है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार विशेषकर दरभंगा जिले में ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): आयुष मंत्रालय बिहार सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केन्द्रीय प्रायोजित योजना का कार्यान्वयन कर रहा है और एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार, राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्राप्त उनके प्रस्तावों के अनुरूप देश में आयुष चिकित्सा पद्धतियों के संवर्धन और विस्तार के लिए उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। मिशन में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित कार्यकलापों के लिए प्रावधान किया गया है-

(i) आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र जिन्हें अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) [एएएम (आयुष)] कर दिया गया है।
(ii) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुष सुविधाओं का सह-स्थापन।
(iii) मौजूदा एकल सरकारी आयुष अस्पतालों का उन्नयन।
(iv) मौजूदा सरकारी/पंचायत/सरकारी सहायता प्राप्त आयुष औषधालयों का उन्नयन/मौजूदा आयुष औषधालय (किराए पर/जीर्ण-शीर्ण आवास) के लिए भवन का निर्माण/उन क्षेत्रों में नए आयुष औषधालय स्थापित करने के लिए भवन का निर्माण जहां कोई आयुष सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।
(v) (v)10/30/50 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना।
(vi) सरकारी आयुष अस्पतालों, सरकारी औषधालयों और सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थागत आयुष अस्पतालों को आवश्यक दवाओं की आपूर्ति।

(vii) आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम।

(viii) उन राज्यों में नए आयुष कॉलेजों की स्थापना जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है।

(ix) आयुष स्नातक संस्थानों और आयुष स्नातकोत्तर संस्थानों का ढांचागत विकास/स्नातकोत्तर/फार्मेसी/पैरा-मेडिकल पाठ्यक्रम शामिल करना।

एनएएम के तहत, एसएएपी के माध्यम से बिहार राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार, आयुष मंत्रालय ने एसएएपी में अनुमोदित विभिन्न गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2014-15 से 2025-26 तक बिहार राज्य को केंद्रीय हिस्से के रूप में 8414.14 लाख रुपये की धनराशि जारी की है। आयुष मंत्रालय ने बिहार राज्य के लिए 294 एएएम (आयुष) के संचालन को मंजूरी दे दी है, जिसमें दरभंगा में 35 एएएम (आयुष) शामिल हैं। बिहार में एएएम (आयुष) का जिला-वार ब्यौरा **संलग्नक** पर दिया गया है।

आयुष मंत्रालय ने आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक पद्धतियों में वैज्ञानिक तर्ज पर अनुसंधान, समन्वय, निरूपण, विकसित और बढ़ावा देने हेतु स्वायत्त संगठनों, केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) और केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) की स्थापना की है। सीसीआरएएस के तहत, बिहार की मुख्यधारा की स्वास्थ्य देखभाल पद्धति में आयुष को बढ़ावा देने के लिए, एक संस्थान, नामतः क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पटना, जो एक परिधीय संस्थान है, आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए नैदानिक देखभाल प्रदान करता है और सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियों का संचालन करता है। सीसीआरएच के तहत, बिहार राज्य में एक परिधीय केंद्र नैदानिक सत्यापन इकाई (होम्योपैथी), गुरु गोविंद सिंह अस्पताल, पटना में स्थित है।

इसके अलावा, राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, बिहार सहित देश भर में "औषधीय पादपों का संरक्षण, विकास और सतत प्रबंधन" नामक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना कार्यान्वित कर रहा है। इस योजना का उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों के लिए परियोजना आधारित सहायता प्रदान करना है। औषधीय पादपों की आपूर्ति श्रृंखला (अभिन्न घटक) में अग्रवर्ती और पश्चवर्ती श्रृंखला सीएसएस योजना के घटकों में से एक है जिसमें निम्नलिखित गतिविधियों का समर्थन किया जा रहा है।

1. औषधीय पादपों की खेती के लिए गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री तैयार करने हेतु अवसंरचना।
2. किसानों को जागरूक करने के लिए सूचना, शिक्षा, संप्रेषण (आईईसी) कार्यकलाप।
3. औषधीय पादपों की विपणन क्षमता बढ़ाने, उपज में मूल्य जोड़ने, लाभप्रदता बढ़ाने और नुकसान को कम करने के लिए फसलोपरांत प्रबंधन और विपणन हेतु अवसंरचना।
4. गुणवत्ता परीक्षण और कच्चे माल का प्रमाणन।

*****

संलग्नक

बिहार के लिए एसएएपी में अनुमोदित एएएम (आयुष) का जिला-वार ब्यौरा

क्र.सं.	**जिले का नाम**	**एएएम (आयुष) की इकाइयाँ**
1	अररिया	4
2	अरवल	2
3	औरंगाबाद	16
4	बांका	4
5	बेगूसराय	9
6	भागलपुर	8
7	भोजपुर	4
8	बक्सर	7
9	**दरभंगा**	**35**
10	गया	4
11	गोपालगंज	7
12	जमुई	3
13	जहानाबाद	4
14	कैमूर (भबुआ)	5
15	कटिहार	4
16	खगड़िया	2
17	किशनगंज	11
18	लखीसराय	1
19	मधेपुरा	2
20	मधुबनी	13
21	मुंगेर	4
22	मुजफ्फरपुर	15
23	नालंदा	8
24	नवादा	10
25	पश्चिम चंपारण	4
26	पटना	22
27	पूर्वी चंपारण (मोतिहारी)	15
28	पूर्णिया	16
29	रोहतास	7
30	सहरसा	6
31`	समस्तीपुर	9
32	सारण	2
33	शेखपुरा	1
34	शिवहर	1
35	सीतामढ़ी	6
36	सिवान	8

37	सुपौल	3
38	वैशाली	12
	कुल	**294**